कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-17.10.2024

विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त फैज खान थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व मे थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-353/2024 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए नामजद वांछित अभियुक्त फैज खान पुत्र वसीम खान निवासी एस 10/132 ए-4-ए हुकुलगंज थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी को आज दिनांक-17.10.2024 को समय करीब 05.00 बजे चौकाघाट वरुणा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-01.10.2024 को वादिनी मुकदमा/पीड़िता की माँ ने प्रतिवादी फैज द्वारा दिनांक-29.09.2024 को वादिनी की नाबालिक पुत्री उम्र करीब 15 वर्ष को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर मे मु0अ0सं0-0353/2024 धारा 87,137(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 चन्द्रेश प्रसाद द्वारा संपादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त फैज खान ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक-29.09.2024 को मैं अपहृता/पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था और आज उसे साथ लेकर उसके घर जा रहा था कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

फैज खान पुत्र वसीम खान निवासी-एस 10/132 ए-4-ए हुकुलगंज थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी, उम्र 21 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- मुकदमा उपरोक्त से संबंधित नाबालिग अपहृता/पीड़िता, उम्र 15 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

चौकाघाट वरुणा पुल के पास से, दिनांक-17.10.2024 को समय करीब 05.00 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 353/2024 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0उ0नि0 चन्द्रेश प्रसाद थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. म0का0 प्रीति गिरी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 अमरेश यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।